राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः–एफ.2 (क) (1)/(बी–391)/अलेसे– I/2224–29 दिनांकः– 10/01/23

आदेश संख्याः 110/2022–23

अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एंव पंचायती राज विभाग, जयपुर ने अपने आदेश कमांक 1921 दिनांक 10.12.2020 से श्री भरतलाल मीना, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। (लिंक नं. 4477) कार्यालय पंचायत समिति, मण्डरायल जिला करौली के विरूद्ध प्रथम दृष्टया फर्जी भुगतान, राजकोष को हानि पहुंचाने एवं गबन किया जाना पाये जाने के कारण राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत विभागीय जांच कार्यवाही से अवगत कराते हुए राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री भरत लाल मीना, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।, कार्यालय पंचायत समिति, मण्डरायल जिला करौली को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया था, जिसकी पुष्टि निदेशालय के आदेश संख्या 245/2020–21 दिनांक 15.12.2020 के द्वारा की गई थी।

श्री भरतलाल मीना (निलम्बित), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के संबंध मे कार्मिक (क–3) विभाग के आदेश क्रमांक प.1(141)कार्मिक/क–3/जांच/2020 दिनांक 28.10.2022 के द्वारा श्री भरतलाल मीना, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के निलम्बन आदेश के विरूद्व प्रस्तुत अभ्यावेदन के परीक्षण उपरांत माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अनुपालना में राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13(5) के तहत श्री मीना को निलम्बन से बहाल किये जाने के आदेश प्रदान कर श्री मीना के निलम्बन अवधि का निस्तारण उनके विरूद्व लम्बित अनुशासनात्मक कार्यवाही के अंतिम निर्णय होने पर किये जाने का निर्णय लिये जाने के फलस्वरूप श्री भरतलाल मीना, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–। को निलम्बन से बहाल किया जाकर इनका पदस्थापन कार्यालय कोषालय, करौली में किया जाता है।

(भूपेश माथुर)<br>
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः–एफ.2 (क) (1)/(बी–391)/अलेसे– I/2224–29 दिनांकः– 10/01/23

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. उपायुक्त एवं शासन उप सचिव (द्वितीय), ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर के पत्र क्रमांक 86 दिनांक 05.01.2023 के क्रम में।
3. शासन संयुक्त सचिव, कार्मिक (क–3/जांच) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर को उनके आदेश दिनांक 28.12.2022 के क्रम में।
4. कोषाधिकारी, करौली।
5. श्री भरतलाल मीना, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।, मुख्यालय कोषालय, करौली।
6. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल/पदस्थापन सीट/अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक–।), कार्यालय हाजा।

(धीरज सिसोदिया)<br>
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)